# नगर पंचायत जुब्बल, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 1.4.2012 से 31.3.2015

## भाग—एक

1 **प्रारम्भिक (क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः 1—376 / 81—फिन(एल0ए0)खण्ड—पार्ट, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर पंचायत जुब्बल, जिला शिमला के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न प्रधान एवं सचिव नगर पंचायत जुब्बल में नियन्त्रक अधिकारी, आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे**

| अवधि | अध्यक्ष का नाम | सचिव / आहरण एवं संवितरण अधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| 1.4.2012 से 12.9.2012 | श्री गोबिंद सोरटा | श्री ए0 एन0 ठाकुर, तहसीलदार |
| 14.9.2012 से 31.3.2015 | श्री गोबिंद सोरटा | श्री डी0 एस0 कौशल, तहसीलदार |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

| क्र0 सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | पैरा सं0 | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | उचित वित्तीय प्रबन्धन न होने के कारण ब्याज के रूप में सम्भावित आय की हानि का होना | 5(ख) | 12.08 |
| 2 | अनुदान की राशि का व्यय / उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 6(क) | 94.32 |
| 3 | अनुदान में से स्थापना पर निर्धारित मापदण्डों से अधिक व्यय करना | 6(घ) | 25.31 |
| 4 | गृह कर की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 10(क) | 11.25 |
| 5 | सरकार के निर्देशानुसार गृह कर की दर में वृद्धि न करने के कारण वित्तीय हानि का होना | 10(ख) | 4.27 |
| 6 | दुकानों के किराए की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 11 | 15.14 |
| 7 | गलत दर से वेतन आहरण करने के कारण वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान करना | 18 | 0.84 |
| 8 | क्रय की गई वस्तुओं का भण्डार रजिस्टर में ईन्द्राज न करना | 29 | 5.10 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "क"** पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर नगर पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जोकि अत्यन्त चिन्ता का विषय है। अतः नगर पंचायत द्वारा इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान / कार्रवाई करनी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से

यथा समय इस विभाग को अवगत करवाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

नगर पंचायत जुब्बल के अवधि 4/2012 से 3/2015 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण, श्री हेम राज भारद्वाज, सहायक नियंत्रक व श्री चेत राम, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 28.3.2016 से 20.4.2016 तक नगर पंचायत जुब्बल स्थित कार्यालय में किया गया। आय की विस्तृत जांच हेतु माह 6/12, 4/13, 3/15 तथा व्यय की विस्तृत जांच हेतु 10/12, 10/13 व 2/15 के लेखाओं चयन किया गया, जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण नगर पंचायत कार्यालय जुब्बल द्वारा उपलब्ध करवाए गए अभिलेख व सूचनाओं पर आधारित है तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के गलत होने, अपूर्ण होने अथवा उपलबध ही न होने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किभी भी प्रकार के प्रभाव हेतु, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत जुब्बल के अवधि 4/2012 से 3/2015 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹30000 आंका गया, जिसे रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा अदा करने हेतु सचिव, नगर पंचायत जुब्बल से अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 118/2016, दिनांक 13.4.2016 द्वारा अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा सूचित किया गया कि अंकेक्षण शुल्क की ₹30000 भारतीय स्टेट बैंक जुब्बल के डिमांड ड्राफ्ट संख्याः 541703, दिनांक 194.2016 के माध्यम से पत्र संख्याः 174, दिनांक 19.4.2016 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को प्रेषि कर दी गई है।

## 4 वित्तीय स्थिति

**(क)** नगर पंचायत जुब्बल के लेखाओं अवधि 4/2012 से 3/2015 तक की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है। [**परिशिष्ट "ख"** के अनुसार]

| वित्तीय वर्ष | लेखा शीर्ष | आरम्भिक शेष | आय/ प्राप्तियां | कुल योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वतः स्त्रोत | 507262.65 | 681485 | 1188747.65 | 424787.00 | 763960.65 |
| **2012–13** | अनुदान | 8827081.43 | 2956596 | 11783677.43 | 2643296.00 | 9140381.43 |
| | **कुल जोड़** | **9334344.08** | **3638081** | **12972425.08** | **3068083.00** | **9904342.08** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वतः स्त्रोत | 763960.65 | 1247850 | 2011810.65 | 1561539.00 | 450271.65 |
| **2013—14** | अनुदान | 9140381.43 | 1643895 | 10784276.43 | 2088215.00 | 8696061.43 |
| | **कुल जोड़** | **9904342.08** | **2891745** | **12796087.08** | **3649754.00** | **9146333.08** |
| **2014—15** | स्वतः स्त्रोत | 450271.65 | 1139460 | 1589731.65 | 1099479.40 | 490252.25 |
| | अनुदान | 8696061.43 | 3618269 | 12314330.43 | 2882626.00 | 9431704.43 |
| | **कुल जोड़** | **9146333.08** | **4757729** | **13904062.08** | **3982105.40** | **9921956.68** |

दिनांक 1.4.2012 को स्वतः स्त्रोत और SFC अनुदान का आरम्भिक शेष ₹1375823.65 था, जिसमें से स्वतः स्त्रोत की ₹507262.65 और SFC अनुदान की ₹865861 का शेष था। अतः स्वतः स्त्रोत व SFC अनुदान के आरम्भिक शेष को अलग—अलग यथा शीर्ष के अन्तर्गत समायोजित करके दर्शाया गया है।

**(ख) दिनांक 31.3.2015 को हस्तगत रोकड़/सावधिक जमा/बैंक खातों के अनुसार शेष है। [परिशिष्ट ''ख'' के अनुसार]**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Cash/Cheques in hand | | 124012 |
| | (i) Cash in hand | 99012 | |
| | (ii) Cheques in hand i.e. Cheque No. 104729 dt. 20.4.2015 received vide receipt No. 12436 dt. 23.3.2015 | 25000 | |
| 2 | SBI Saving A/C No. 11511190590 | Municipal Fund | 52419.96 |
| 3 | SBI Saving A/C No. 11511193705 | Municipal Fund | 8249333.72 |
| 4 | HDFC Bank Saving A/c No. 50100034794787 | Municipal Fund | 102632.00 |
| 5 | HP State Co-op Bank Saving A/c No. 41610104750 | Municipal Fund | 1352029.00 |
| 6 | PLA A/c (Treasury) | Municipal Fund | 33115.00 |
| | | **Total** | **₹9913541.00** |
| | दिनांक 31.3.2015 को वित्तीय स्थिति/रोकड़ वही के अनुसार शेष | | **₹9921956.68** |
| | दिनांक 31.3.2015 को वित्तीय स्थिति एवं बैंक खातों में दर्शाए गए शेषों में अन्तर (9921956.68—9913541.68) | | **₹8415** |

**(ग) बैंक समाधान विवरण दिनांक 31.3.2015 को**

| Particulars | Amount | Amount |
|---|---|---|
| Closing Balance as per Cash Book/Financial Position as on 31.3.2015 | | 9921956 |
| **Less:-** (i) Difference as last Audit report 4/2007 to 3/2012 i.e. Amount short in the bank | 8375 | (—) 8415 |
| (ii) Amount of income short deposited into bank on 31.3.2013 i.e. ₹18692 instead of ₹18732 | 40 | |
| Closing balance in Banks & Cash in hand as per detail given above in 4(क) | | **9913541** |

**(घ) रोकड़ वही व बैंक खातों में ₹8375 के अन्तर का समाधान न करना**

पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2007 से 3/2012 के पैरा संख्याः 4 के अनुसार रोकड़ रोकड़ वही व बैंक खातों में ₹8375 का अन्तर था, जोकि पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है, किन्तु उक्त नगर पंचायत द्वारा वर्णित अन्तर का समाधान वर्तमान अंकेक्षण के दौरान भी नहीं किया गया था। अतः पुनः परामर्श दिया जाता है कि इस अनियमितता बारे प्राथमिकता के आधार पर ध्यान दिया जाए तथा विस्तृत जांच के उपरान्त आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ड.) Post dated चैक की रसीद जारी करने सम्बन्धी अनियमितता**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा Post dated चैक संख्याः 104729, दिनांक 20.4.2015, ₹25000 को चैक की तिथि से पूर्व दिनांक 23.3.2015 को रसीद संख्याः 12436 काटकर प्राप्त किया गया था, जोकि वित्तीय नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है, क्योंकि Post dated चैक की वास्तविक प्राप्ति तिथि चैक की तिथि होगी तथा इससे पूर्व इसकी रसीद जारी करना अनियमित होगा। इस प्रकार वर्तमान प्रकरण में रसीद दिनांक 20.4.2015 को अर्थात चैक को बैंक में जमा करवाने की तिथि को काटी जानी चाहिए थी, ताकि लेखों में यथानुसार उचित लेखांकन सम्भव हो सके। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में Post dated चैक की रसीद उक्त सुझावानुसार काटकर लेखों में यथानुसार उचित लेखांकन सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(च) बिना लेन–देन वाले बैंक खातों को जारी रखने का औचित्य स्पष्ट न करना**

अभिलेख के अवलोकन से विदित हुआ कि नगर पंचायत द्वारा निम्न वर्णित बचत खाते खोले गए हैं, जिनमें दिनांक 19.5.2010 के उपरान्त छह माही ब्याज के अतिरिक्त अन्य कोई भी वित्तीय लेन–देन नहीं हुआ तथा इन बचत खातों में दिनांक 31.3.2015 को ₹1487776 अन्तिम शेष में अनुपयुक्त हुई थी, जिससे वर्णित बचत खाते निष्क्रिय से प्रतीत होते हैं। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 124, दिनांक 18.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु उनसे अंकेक्षण की समाप्ति तक उसमें से कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इन बचत खातों को बिना वित्तीय लेन–देन के जारी रखने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा इन खातों को बन्द करके इनमें जमा पड़ी अनुपयुक्त राशि को नगर पंचायत के अन्य बचत खातों में हस्तांतरित करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0 सं0 | बैंक का नाम | बचत खाता सं0 | दिनांक 31.3.2015 को शेष जमा राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HDFC Bank-Jubbal | 50100034794787 | 102632 | खाता खोलने की तिथि 1.2.2014 से अंकेक्षणाधीन अवधि में अनुपयोग |
| 2 | HP State Co-op Bank- Jubbal | 41610104750 | 1352029 | अंकेक्षणाधीन अवधि में अनुपयोग |
| 3 | PLA A/c | Sub Treasury Jubbal | 33115 | पूर्व अंकेक्षण अवधि 4/2007 से 3/2012 से शेष चले आ रहे हैं |
| | | **कुल जोड़** | **₹1487776** | |

**(छ) बैंक में जमा ₹3.41 लाख की प्राप्ति का स्त्रोत व प्रकृति का विवरण अंकेक्षण को स्पष्ट न करना**

रोकड़ वही के योग व बैंक समाधान विवरण सम्बन्धी अंकेक्षण को उपलब्ध करवाए गए अभिलेख की जांच करने के दौरान पाया गया कि निम्न विवरणानुसार बैंक में जमा ₹340667 की प्राप्ति का स्त्रोत व प्रकृति का विवरण न तो रोकड़ में ही वर्णित था और न ही नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया, जिसकी अनुपस्थिति में वर्णित प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यापना सम्भव न हो सकी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 124, दिनांक 18.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक उनसे कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः अब इन प्राप्तियों से सम्बन्धित पूर्ण विवरण/अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत करके इनका सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0 सं0 | बैंक का नाम | दिनांक | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | SBI Saving A/c No. 11511193705 | 26.5.2012 | 25000 |
| 2 | -do- | 19.6.2012 | 3000 |
| 3 | -do- | 25.4.2013 | 47000 |
| 4 | -do- | 26.4.2013 | 162287 |
| 5 | -do- | 26.4.2013 | 19380 |
| 6 | -do- | 13.1.2014 | 25000 |
| 7 | -do- | 16.4.2014 | 59000 |
| | | **कुल जोड़** | **₹340667** |

**(ज) नगर पंचायत निधि की रोकड़ वही/बैंक खाते में ₹5890 की कम गणना करना**

रोकड़ वही के योग व बैंक समाधान विवरण से सम्बन्धित अभिलेख के अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि निम्न विवरणानुसार प्राप्त आय के योग व गणना की विभिन्न त्रुटियों के कारण नगर पंचायत निधि की रोकड़ वही/बैंक खाते में ₹5890 की कम गणना/जमा पाई गई,

जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 120, दिनांक 13.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस अनियमितता का तो औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा पूर्व छानबीन के उपरान्त उक्त वर्णित राशि की वसूली सम्बन्धित उचित स्त्रोत से करने के अतिरिक्त भविष्य में ऐसी चूक न हो इस हेतु आन्तरिक जांच प्रणाली की सुदृढ़ किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0 सं0 | प्राप्त आय का विवरण | प्राप्त राशि | रोकड़ वही बैंक खाते में गणना/ जमा राशि | रोकड़ वही बैंक खाते में कम गणना/ जमा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Rt.No. 11520 to 11544 (except 11538) Dated 30.3.2013 | 18732 | 18692 | 40 |
| 2 | Rt. No. 181 to 194 Dated 10.9.2014=14 Nos of ₹10 each | 140 | Nil | 140 |
| 3 | Rt. No. 196 to 217 Dated 12.9.2014=22 Nos of ₹10 each | 220 | Nil | 220 |
| 4 | Rt. No. 219 to 286 Dated 13.9.2014=68 Nos of ₹10 each | 680 | Nil | 680 |
| 5 | Rt. No. 288 to 296 Dated 18.9.2014=9 Nos of ₹10 each | 90 | Nil | 90 |
| 6 | Rt. No. 298 to 341 Dated 18.9.2014 to 20.9.2014=44 Nos of ₹10 each | 440 | Nil | 440 |
| 7 | Rt. No. 343 to 430 Dated 20.9.2014 to 24.9.2014=88 Nos of ₹10 each | 880 | Nil | 880 |
| 8 | Rt. No. 433 to 458 Dated 25.9.2014 to 26.9.2014=26 Nos of ₹10 each | 260 | Nil | 260 |
| 9 | Rt. No. 468 to 477 Dated 27.9.2014=10 Nos of ₹10 each | 100 | Nil | 100 |
| 10 | Rt. No. 479 to 523 Dated 27.9.2014 to 30.9.2014=45 Nos of ₹10 each | 450 | Nil | 450 |
| 11 | Rt. No. 525 to 556 Dated 30.9.2014 to 1.10.2014=32 Nos of ₹10 each | 320 | Nil | 320 |
| 12 | Rt. No. 558 to 566 Dated 1.10.2014 =9 Nos of ₹10 each | 90 | Nil | 90 |
| 13 | Rt. No. 568 to 582 Dated 1.10.2014 =15 Nos of ₹10 each | 150 | Nil | 150 |
| 14 | Rt. No.584 to 588 Dated 3.10.2014 =5 Nos of ₹10 each | 50 | Nil | 50 |
| 15 | Rt. No.590 to 616 Dated 3.10.2014 =27 Nos of ₹10 each | 270 | Nil | 270 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | Rt. No.618 to 624 Dated 4.10.2014 =7 Nos of ₹10 each | 70 | Nil | 70 |
| 17 | Rt. No. 626 to 631 Dated 4.10.2014 =6 Nos of ₹10 each | 60 | Nil | 60 |
| 18 | Rt. No. 633 to 635 Dated 4.10.2014 =3 Nos of ₹10 each | 30 | Nil | 30 |
| 19 | Rt. No. 638 to 643 Dated 6.10.2014 =6 Nos of ₹10 each | 60 | Nil | 60 |
| 20 | Rt. No. 645 to 648 Dated 10.10.2014 =4 Nos of ₹10 each | 40 | Nil | 40 |
| 21 | Rt. No. 650 to 695 Dated 6.10.2014 to 8.10.2014 =46 Nos of ₹10 each | | Nil | 460 |
| 22 | Rt. No. 702 to 729 Dated 8.10.2014 to 10.10.2014 =28 Nos of ₹10 each | | Nil | 280 |
| 23 | Rt. No. 730 to 800 Dated 10.10.2014 to 13.10.2014 =71 Nos of ₹10 each | | Nil | 710 |
| | **कुल जोड़** | **₹24582** | **₹18692** | **₹5890** |

## 5 निवेश

**(क)** अंकेक्षण अवधि के अन्त तक विभिन्न खातों में निवेशित/जमा राशि का विवरण **परिशिष्ट ''ख''** में दिया गया है, जिसके अवलोकन पर विदित होता है कि रोकड़ वही के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को विभिन्न बैंकों में रखे गए बचत खातों में ₹97.90 लाख की बड़ी रकम शेष जमा थी।

**(ख) उचित वित्तीय प्रबन्धन न होने के कारण ₹12.08 लाख के ब्याज से सम्भावित आय की हानि**

उपरोक्त पैरा 5 (क) के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को विभिन्न बैंकों में रखे गए बचत खातों में ₹97.90 लाख की बड़ी रकम शेष जमा थी तथा इन जमाओं पर अंकेक्षण अवधि के दौरान 4% की दर से निम्न विवरणानुसार ₹1161858 ब्याज के रूप में अर्जित/प्राप्त हुई थी। यदि कुशल वित्तीय प्रबन्धन से यही राशि सावधिक जमा में निवेशित होती, तो निम्न विवरणानुसार ₹1207873 की ब्याज से अतिरिक्त आय होती, परन्तु वित्तीय कुप्रबन्धन के कारण लगभग ₹1207873 की ब्याज से आय की हानि उठानी पड़ी, जोकि सुदृढ़ वित्तीय प्रबन्धन के चलते आसानी से रोकी जा सकती थी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 120, दिनांक 13.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु उनसे अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। इस सम्बन्ध में परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इतनी बड़ी राशि को बचत खाते में जमा रखने की अपेक्षा, पंचायत की वित्तीय आश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अल्प व दीर्घकालिक सावधिक जमा में निवेशित करने की सम्भावना को तलाशा जाए, ताकि पंचायत की विकास गतिविधियों को प्रभावित किए बिना ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

| क्र0 सं0 | बैंक का नाम | 4% की दर से अर्जित/प्राप्त ब्याज की राशि | | 8% की अपेक्षित दर से सावधिक जमा में निवेश पर ब्याज की जो राशि अर्जित होती | ब्याज से आय की हानि की सम्भावित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अवधि | ब्याज की राशि | | |
| 1 | SBI Saving A/c No. 11511190590 | 1.4.12 to 31.3.15 | 5848 | 11928 | 6080 |
| 2 | SBI Saving A/c No. 11511193705 | 1.4.12 to 31.3.15 | 1004963 | 2049727 | 1044764 |
| 3 | HDFC Bank Saving A/c No. | 1.4.12 to 31.3.15 | 2632 | 5368 | 2736 |
| 4 | HP State Co-op Bank Saving A/c No. 41610104750 | 1.4.12 to 31.3.15 | 148415 | 302708 | 154293 |
| | | **कुल जोड़** | **₹1161858** | **₹2369731** | **₹1207873** |

## 6 अनुदान

सचिव नगर पंचायत द्वारा **परिशिष्ट "ग"** के माध्यम से अवधि 4/2012 से 3/2015 के दौरान अनुदान की प्राप्तियों एवं व्यय से सम्बन्धित उपलब्ध करवाए गए विवरण से सम्बन्धित अभिलेख के अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः—

### (क) अनुदान की ₹94.32 लाख का दिनांक 31.3.2015 को व्यय/उपयोग हेतु शेष पाया जाना

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को **परिशिष्ट "ग"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि दिनांक 31.3.2015 को अनुदान की ₹9431704.43 व्यय/उपयोग हेतु शेष थी। अतः इन अनुपयोगी अनुदान की राशियों को निर्धारित समय के अन्दर या सक्षम प्राधिकारी से उपयोग हेतु समय बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त कर उन्हीं उद्धेश्य हेतु खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिस उद्धेश्य हेतु इन्हें स्वीकृत किया गया था। इसके अतिरिक्त इनके व्यय से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी उचित समय के अन्दर जारी करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### (ख) अनुदान की ₹49.25 लाख का अवरोधन करना

अनुदान के उपयोग सम्बन्धी दिशा—निर्देशों के अनुसार प्राप्त अनुदान की राशि से निष्पादित किए जाने वाले सभी कार्य सामान्य व तकनीकी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त ही शुरू करके समान्यता स्वीकृति तिथि के एक वर्ष की अवधि के भीतर पूर्ण किए जाने अपेक्षित थे, किन्तु

प्रस्तुत अभिलेख व सूचनाओं (**परिशिष्ट "ग"**) के अवलोकन करने पर विदित हुआ कि निम्नलिखित अनुदान की राशियों को पिछले कई वर्षों से सम्बन्धित उद्धेश्यों हेतु उपयोग नहीं किया गया था।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | निर्माण कार्य का नाम | स्वीकृति पत्र सं0 व दिनांक | स्वीकृत राशि | व्यय | शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Calamity Relief/Rain Damages | Repair of road drain & path etc. | UD-H(F)(10)-9/2007-II-12827-76 dated 17.9.2011 | 548763 | 338442 | 210321 |
| | | | UD-H(F)(10)-9/2007-II-5265-5315 dated 1.1.2013 | 398514 | Nil | 398514 |
| 2 | Tourism Deptt. | Infraustructure Dev. of Jubbal & Kotkhai as tourist destination | 6-6/2009-DTO-SML-1108 dated 8.3.2011 | 1777497 | 50000 | 1727497 |
| | | | 6-6/2009-DTO-SML-1108 dated 24.10.2011 | 750000 | Nil | 750000 |
| 3 | EIUS/NSDP | Dev of Slum Pocket | UD(EIUS/NSDP)H(D)1/2-IX-2708-33 dated 7.2.2011 | 153000 | Nil | 153000 |
| 4 | SJSRY | Subsidy & Traning to poor & A& OE | UD-H(F)(1)-10/1997-XI-6255-6314 dated 20.3.2012 | 60000 | Nil | 60000 |
| | | | UD-H(F)(1)-10/1997-IX-14414-14475 dated 13.8.2012 | 62239 | Nil | 62239 |
| | | | UD-H(F)(1)-10/1997-IX-20070-20129 dated 22.12.2012 | 63955 | Nil | 63955 |
| | | | UD-H(F)(1)-10/1997-IX-382-82 dated 14.6.2013 | 7896 | 7500 | 396 |
| | | | UD-H(F)(1)-10/1997-X- | 85600 | Nil | 85600 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 543-584 dated 23.4.2014 | | | |
| 5 | Sports Deptt. | Repair of stadium | DYSS/SML(std Jbl)43/2008-279 dated 14.8.2012 | 500000 | Nil | 500000 |
| 6 | RGURF | C/O Car Parking at Jubbal | UD-H(F)(10)-2/2005-RUGRF-11490 dated 3.9.2008 | 662982 | 249538 | 413444 |
| | | | UD-H(F)(10)-2/2005-RUGRF-7744-54 dated 20.4.2011 | 500000 | Nil | 500000 |
| | | | **कुल जोड़** | **₹5570446** | **₹645480** | **₹4924966** |

इस प्रकार उक्त वर्णित विवरण से स्पष्ट विदित होता है कि निर्माण कार्य स्वीकृति तिथि के उपरान्त लगभग 2 से 7 वर्ष की अवधि बीत जोने के उपरान्त भी आरम्भ नहीं हो पाए तथा राशि अभी भी बिना खर्च के बैंक बचत खाते में शेष पड़ी थी, जिसके कारण उक्त राशि अवरूद्ध रही एवं सम्बन्धित जनता को प्राप्त होने वाले लाभों से भी वंचित होना पड़ा। इस सम्बनध में सचिव, नगर पंचायत से अंकेक्षण अधियाना संख्याः 124/2016, दिनांक 19.4.2016 द्वारा कारणों सहित वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त वर्णित अनियमितता का संज्ञान लेते हुए इन अनुपयोगी अनुदान की राशियों को सक्षम प्राधिकारी से उपयोग हेतु समय बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उन्हीं उद्धेश्य हेतु खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिन उद्धेश्यां हेतु इन्हें स्वीकृत किया गया था तथा भविष्य में प्राप्त अनुदान की राशियों को सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनुदान के उद्धेश्य की पूर्ति हो तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ग) अनुदान की ₹76.14 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित करने से सम्बन्धी सूचना/अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत न करना**

नगर पंचायत द्वारा **परिशिष्ट ''ग''** द्वारा उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि अवधि 4/2012 से 3/2015 के दौरान अनुदान से ₹7614137 व्यय की गई, परन्तु इन राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित करने सम्बन्धी सूचना/अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किए गए, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अनुदान से व्यय की गई राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित ही नहीं किए गए थे।

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 124, दिनांक 18.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस सम्बन्ध में वस्तु स्थिति स्पष्ट की जाए तथा वर्णित उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित संस्स्थाओं/कार्यालयों को अग्रेषित किए जाने सुनिश्चित किए जाएं और अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाने के साथ–साथ जारी किए उपयोगिता प्रमाण पत्र की सत्यापना आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जाए।

**(घ) अनुदान में से स्थापना पर ₹25.31 लाख का निर्धारित मापदण्डों से अधिक व्यय करना**

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को **परिशिष्ट "घ"** के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई सूचना/अभिलेख के अवलोकन से विदित हुआ कि शीर्ष 4th SFC अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में प्राप्त कुल अनुदान की राशि का अधिक से अधिक भाग सम्पत्तियों के सृजन व रख–रखाव पर खर्च किया जाना अपेक्षित था, ताकि आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सके। इसके अतिरिक्त राशि को नगर पंचायत को वैधानिक व हस्तांतरित कार्यों के निर्वहन और चुने हुए प्रतिनिधियों के मानदेय भुगतान पर खर्च किया जाना था, लेकिन अनुदान में से स्थापना पर सीधे व्यय का कोई प्रावधान नहीं था, परन्तु निम्न वर्णित तथ्यों से स्पष्ट विदित होता है कि अनुदान के उक्त वर्णित प्रावधानों के प्रतिकूल स्थापना पर वित्तीय वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 में क्रमशः 74.25%, 46.90% व 47.72% तथा अन्य वर्णित उद्धेश्य पर क्रमशः 25.75%, 53.10% व 52.28% ही खर्च किया गया है, जोकि अनुदान का उपयोग सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 120, दिनांक 13.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक उनसे कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस अनियमितता को सक्षम प्राधिकारी की विशेष स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में प्राप्त अनुदान को सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनुदान के उद्धेश्य की पूर्ति के साथ–साथ पंचायत की आय में भी वृद्धि हो सके। इस सन्दर्भ में अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| वित्तीय वर्ष | शीर्ष 4th SFC के अन्तर्गत प्राप्त कुल अनुदान की राशि | प्राप्त अनुदान का उद्धेश्य | स्थापना पर किया गया व्यय | स्थापना पर अनुदान से किया गया व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 2012–13 | 1367830 | Maintenance of assets | 1015574 | 74.25% |
| 2013–14 | 738841 | Performance of statutory & delegated functions | 346528 | 46.90% |
| 2014–15 | 2449632 | Honorarium to elected reprensenatives | 1168994 | 47.72% |
| **कुल जोड़** | **₹4556303** | | **₹2531096** | **55.55%** |

## 7 पेंशन व ग्रेच्युटी निधि, अंशदायी पेंशन योजना निधि व सामान्य भविष्य निधि

**पेंशन व ग्रेच्युटी निधि व सामान्य भविष्य निधि**

**(क)** अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई बैंक खाता संख्याः SBI Saving A/c No. 33348151202 की पास बुक व सम्बन्धित अभिलेख पर आधारित अवधि 3.10.2013 से 31.3.2015 की पेंशन व ग्रेच्युटी तथा सामान्य भविष्य निधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

| वित्तीय वर्ष | शीर्ष | आरम्भिक शेष | अभिदान/अंशदान से प्राप्त राशि | ब्याज से प्राप्त राशि | कुल योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 (3.10.13 से) | पेंशन व ग्रेच्युटी | 534296 | 46392 | 10578 | 591266 | 90 | 591176 |
| | सामान्य भविष्य निधि | 535407 | 64800 | – | 600207 | 56000 | 544207 |
| | **कुल जोड़** | **1069703** | **111192** | **10578** | **1191473** | **56090** | **1135383** |
| 2014–15 | पेंशन व ग्रेच्युटी | 591176 | 98688 | 47289 | 737153 | | 737153 |
| | सामान्य भविष्य निधि | 544207 | 148900 | – | 693107 | 430000 | 263107 |
| | **कुल जोड़** | **1135383** | **247588** | **47289** | **1430260** | **430000** | **1000260** |
| | **दिनांक 31.3.2015 को** SBI Saving A/c No. 33348151202 **के अनुसार शेष** | | | | | | **1000260** |

**(ख) बैंक में जमा की गई ₹2.96 लाख की प्राप्ति का स्त्रोत व प्रकृति का विवरण/अभिलेख अंकेक्षण को स्पष्ट न करना**

अंकेक्षण को पेंशन व ग्रेच्युटी तथा सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई बैंक खाता संख्याः SBI Saving A/c No. 33348151202 की पास बुक अवधि 3.10.2013 से 31.3.2015 की बैंक समाधान विवरणी के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त खाते बैंक में दिनांक 13.1.2013 को जमा ₹296239 की प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख/स्त्रोत व प्रकृति का विवरण नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को स्पष्ट/प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसकी अनुपस्थिति में वर्णित प्राप्त राशि की अंकेक्षण में सत्यापना सम्भव न हो सकी। अतः अब वर्णित प्राप्त राशि से सम्बन्धित पूर्ण विवरण/अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत करके इनका सत्यापना करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ग) सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित अलग बैंक खाते का रख–रखाव न करना**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित अलग बैंक खाते का रख–रखाव नहीं किया गया था तथा कर्मचारियों से माहवार प्राप्त अभिदान की राशि को पेंशन व ग्रेच्युटी निधि के भारतीय स्टेट बैंक में खोले गए बचत खाता संख्याः 33348151202 में ही जमा किया गया था, जोकि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है। सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित ₹263107 पेंशन व ग्रेच्युटी निधि के बैंक खाते में शेष जमा थी। अतः परामर्श दिया जाता है कि सामान्य भविष्य निधि का अलग बैंक खाता खोलकर उसमें उक्त वर्णित ₹263107 को पेंशन व ग्रेच्युटी निधि के बैंक खाते से हस्तांतरित करके जमा करवाकर वर्णित अनियमितता का समाधान किया जाए और भविष्य में कर्मचारियों से माहवार प्राप्त अभिदान की राशि को सामान्य भविष्य निधि के बैंक खाते में ही जमा करवाया जाना भी सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(घ) वित्तीय कुप्रबन्धन के कारण ₹0.92 लाख की ब्याज के रूप में आय की हानि**

दिनांक 31.3.2015 को पेंशन व सामान्य भविष्य निधि तथा अंशदायी पेंशनयोजना निधि के सम्बन्धित बैंक बचत खाते में ₹18.36 लाख की बड़ी रकम शेष जमा थी तथा इन जमाओं पर अंकेक्षण अवधि के दौरान 4% की दर से निम्न विवरणानुसार ₹88198 ब्याज के रूप में अर्जित/प्राप्त हुई थी। यदि कुशल वित्तीय प्रबन्धन से यही राशि य 8% की अपेक्षित दर से सावधिक जमा में निवेशित होती, तो निम्न विवरणानुसार ₹91691 की ब्याज से अतिरिक्त आय होती, परन्तु वित्तीय कुप्रबन्धन के कारण लगभग ₹91691 की ब्याज से आय की हानि उठानी पड़ी, जोकि सुदृढ़ वित्तीय प्रबन्धन के चलते आसानी से रोकी जा सकती थी।

| क्र0 सं0 | बैंक का नाम | 4% की दर से अर्जित/प्राप्त ब्याज की राशि | | 8% की दर से सावधिक जमा में निवेश पर ब्याज की जो राशि अर्जित होती | ब्याज से आय की हानि की सम्भावित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अवधि | ब्याज की राशि | | |
| 1 | SBI Saving A/c No. 33348151202 (Pesssions G.P.F) | 3.10.13 to 31.3.15 | 57867 | 118026 | 60159 |
| 2 | SBI Saving A/c No. 33348151892 (CPS Fund) | 3.10.13 to 31.3.15 | 30331 | 61863 | 31532 |
| | **कुल जोड़** | | **₹88198** | **₹179889** | **₹91691** |

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 124, दिनांक 18.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु उनसे अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा भविष्य में सम्बन्धित निधियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक राशि को सावधिक जमाओं में निवेश करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि ब्याज से आय की हानि भी न हो व सम्बन्धित कर्मचारियों को भी नियमानुसार जमा राशियों पर ब्याज का पूर्ण लाभ प्रदान किया जा सके।

**(ङ.) अंशदायी पेंशन योजना निधि (CPS)**

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई बैंक खाता संख्याः SBI Saving A/c No. 33348151892 की पास बुक व सम्बन्धित अभिलेख पर आधारित अवधि 3.10.2013 से 31.3.2015 की अंशदायी पेंशन योजना निधि (CPS) की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष | अभिदान/अंशदान से प्राप्त राशि | ब्याज से प्राप्त राशि | कुल योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 (3.10.13से) | 497520 | 64848 | 5092 | 567460 | – | 567460 |
| 2014–15 | 567460 | 243696 | 25239 | 836395 | – | 836395 |
| **दिनांक 31.3.2015 को SBI Saving A/c No. 33348151892 के अनुसार शेष** | | | | | | **₹836395** |

**(च) अंशदायी पेंशन योजना निधि, सामान्य भविष्य निधि व पेंशन तथा ग्रेच्युटी निधि के लेखों का रख–रखाव नियमानुसार न करना**

हि0 प्र0 सरकार की अधिसूचना संख्याः LSG-B(1)-1/79-III, दिनांक 25.4.2000 द्वारा Himachal Pradesh Municipalities Employees (Pension, Gratuity & General provident Fund) Rules 2000 अधिसूचित किए गए हैं। इन नियमों के नियम 3 में प्रावधान किया गया है कि नगरपालिका के कर्मचारियों को पेंशन के लाभों की अदायगी के उद्धेश्य हेतु निदेशक द्वारा पेंशन तथा ग्रेच्युटी निधि की स्थापना करने के साथ–साथ इनका रख–रखाव भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस नियम के उप नियम (3) में यह भी प्रावधान किया गया है कि नगरपालिकाएं कर्मचारियों के वेतनमान के अधिकतम पर क्रमशः 12% तथा 5% की दर से पेंशन व ग्रेच्युटी का माहवार अभिदान उक्त पेंशन व ग्रेच्युटी निधि में जमा करवाएगी। नियम 9 में आगे यह भी प्रावधान किया गया कि सामान्य भविष्य निधि स्थापना तथा लेखों का रख–रखाव भी निदेशक द्वारा भी किया जाएगा। नगर पंचायत के लेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि :–

**(i)** उक्त वर्णित निधियों के लेखों का रख–रखाव निदेशक की अपेक्षा नगर पंचायत द्वारा स्वयं ही किया जा रहा था, जोकि नियमों की सरासर उल्लंघना है।

**(ii)** नियमानुसार पेंशन व ग्रेच्युटी, सामान्य भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन योजना निधियों का अलग–अलग बैंक बचत खाता/रोकड़ वही व वही खाता का रख–रखाव किया जाना अपेक्षित है, किन्तु इसके प्रतिकूल नगर पंचायत द्वारा इन निधियों की रोकड़ वही व वही खाता का रख–रखाव नहीं किया गया था, जबकि सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित कर्मचारियों का मासिक अभिदान पेंशन तथा ग्रेच्युटी निधि के बैंक खाते में जमा किया जा रहा था, जोकि नियमों की सरासर उल्लंघना तथा अनियमित है।

**(iii)** अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को कर्मचारियों के अंशदायी पेंशन योजना के खातों में ₹676691 जमा थी तथा यह राशि सावधि जमा में निवेश की अपेक्षा बचत खातों में जमा रखी जा रही थी, जिस जमा पर बैंक द्वारा बचत खाते का ब्याज जोकि केवल 4% है, दिया गया था। इस प्रकार बचत राशि को सावधिक जमा में निवेश न करके ब्याज रूप में भी धन की लगातार हानि हो रही थी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 120, दिनांक 13.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु उनसे अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः यह मामला निदेशक, स्थानीय शहरी निकाय के ध्यान में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाने हेतु लाया जाता है।

**(छ) अंकेक्षण अवधि 1.4.2012 से 2.10.2013 तक की पेंशन व ग्रेच्युटी, अंशदायी पेंशन योजना निधि (CPS) तथा सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित बैंक खातों की पास बुक/विवरणी अंकेक्षण को प्रस्तुत न करना**

अंकेक्षण द्वारा नगर पंचायत से बार–बार अनुरोध करने पर भी अवधि 1.4.2012 से 2.10.2013 तक की पेंशन व ग्रेच्युटी, अंशदायी पेंशन योजना निधि (CPS) तथा सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित बैंक खातों की पास बुक/विवरणी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई, जिसके अभाव में इन निधियों में जमा व आहरित राशियों तथा वित्तीय स्थिति की अंकेक्षण में सत्यापना सम्भव न हो सकी। अतः उक्त वर्णित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत करके इनका सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित की जाए।

## 8 दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों/वर्गीकृत खाता वहियों का रख–रखाव न करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों/वर्गीकृत खाता वहियों का रख–रखाव नहीं किया गया था, जबकि निदेशक, शहरी विकास विभाग, हि0 प्र0 द्वारा दिनांक 1.4.2009 से दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों का रख–रखाव करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त वर्णित निर्देशों की अनुपालना न करने के कारण जहां निदेशक के आदेशों की उल्लंघना हो रही है, वहीं किस मद से कितनी आय प्राप्त हुई और किस मद पर

कितना खर्च हुआ तथा खर्च की गई राशि अनुमोदित बजट प्रावधान से अधिक तो नहीं है या अनुदान से प्राप्त राशि का उसी उद्धेश्य हेतु व प्राप्त अनुदान की राशि की सीमा तक ही व्यय किया गया था या नहीं इत्यादि तथ्यों/सूचना की भी पुष्टि नहीं की जा सकी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 124, दिनांक 18.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु उनसे अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अपेक्षित अभिलेख को तैयार करना सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

उक्त के अतिरिक्त नगर पंचायत द्वारा निम्नलिखित रजिस्टर/अभिलेख का भी रख–रखाव नहीं किया जा रहा था।

(i) कांट्रेक्टर लैजर

(ii)पेंशन निधि/सामान्य भविष्य निधि/अंशदाई पेंशन योजना निधि की रोकड़ वहियां/खाता वहियां

(iii) प्रतिभूति जमा रजिस्टर

(iv) स्थापना चैक रजिस्टर (ECR)

(v) बिजली उपकर मांग व संग्रहण रजिस्टर

(vi) मदिरा शुल्क मांग व संग्रहण रजिस्टर

(vii) बिजली/टेलीफोन/पानी बिल चैक रजिस्टर

## 9 रोकड़ वही को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित न करना

हि0 प्र0 म्यूनिसिपल लेखा संहिता के अध्याय–III के नियम 19(3) के अनुसार रोकड़ वही को अध्यक्ष, नगर पंचायत द्वारा प्रत्येक माह के अन्त में हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है, किन्तु नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, जोकि उक्त वर्णित प्रावधान के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है। इसके अतिरिक्त अवधि 4/2012 से 3/2015 तक की रोकड़ वही के शेष का प्रत्येक माह के अन्त में बैंक खातों के शेष से मिलान भी नहीं किया गया था। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 124, दिनांक 18.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु उनसे अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा रोकड़ वही को लेखा संहिता के प्रावधानानुसार सत्यापित करवाया जाना और इनका प्रत्येक माह के अन्त में बैंक खातों के शेष से मिलान किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 10 गृहकर वसूली से सम्बन्धित अनियमितताएं

### (क) गृहकर की धीमी वसूली के कारण ₹11.25 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

अंकेक्षण को **परिशिष्ट "ड."** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनांक 31.3.2015 को निम्न विवरणानुसार गृहकर की ₹1125182 वसूली हेतु शेष थी।

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष | कुल मांग | कुल राशि | प्राप्ति | अन्तिम शेष | वर्ष में मांग की तुलना में प्राप्त राशि की |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012–13 | 595957 | 213639 | 809596 | 19016 | 790580 | 8.90% |
| 2013–14 | 790580 | 213639 | 1004219 | 85312 | 918907 | 39.93% |
| 2014–15 | 918907 | 213639 | 1132546 | 7364 | 1125182 | 3.45% |
| | **कुल जोड़** | **₹640917** | **–** | **₹111692** | | **17.43%Avg.** |

उक्त प्रस्तुत विवरण से स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है कि गृहकर की वसूली की गति बहुत ही धीमी है, क्योंकि अंकेक्षण अवधि के दौरान गृहकर की कुल वसूली वार्षिक मांग की केवल 20% औसत से भी कम रही, जिस कारण वसूली हेतु शेष राशि घटने की अपेक्षा वर्ष दर वर्ष बढ़ती ही जा रही थी। अतः वर्णित शेष राशि की वसूली हेतु तुरन्त विशेष पग उठाये जाने सुनिश्चित किए जाएं तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### (ख) सरकार के निर्देशानुसार गृहकर की दर में वृद्धि न करने के कारण ₹4.27 लाख की वित्तीय हानि का होना

निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्याः UDH©(10)–7/98–II, दिनांक 17.11.2003 के अनुसार अवधि 2002–2003 में 7.5% की दर से गृहकर लगाकर इसमें प्रति वर्ष 1% की वृद्धि करके अवधि 2006–2007 तक गृहकर की दर को 12.5% किया जाना अपेक्षित था, किन्तु नगर पंचायत द्वारा गृहकर में नियमानुसार कोई वृद्धि नहीं की गई, जिसके परिणामस्वरूप पंचायत को निम्न विवरणानुसार ₹427278 की गृहकर की हानि हुई। इस सम्बन्ध में पूर्व अंकेक्षण अवधि 4/2011 से 3/2013 के पैरा 8(ख) द्वारा भी परामर्श दिया गया था, किन्तु उसके बावजूद भी सरकार के निर्देशानुसार कार्रवाई अमल में न लाना गम्भीर अनियमितता है। इस सम्बन्ध में पुनः अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 120, दिनांक 13.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु उनसे अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः पुनः परामर्श दिया जाता है कि इस सन्दर्भ में सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाही सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| वित्तीय वर्ष | 7.5% की दर से गृहकर की मांग की राशि | 12.5% की दर से गृहकर की अपेक्षित मांग की राशि | अन्तर |
|---|---|---|---|
| 2012–13 | 213639 | 356065 | 142426 |
| 2013–14 | 213639 | 356065 | 142426 |
| 2014–15 | 213639 | 356065 | 142426 |
| **कुल जोड़** | **₹640917** | **₹1068195** | **₹427278** |

## 11 दुकानों के किराये की ₹15.14 लाख की वसूली हेतु शेष पाया जाना

**(क)** अंकेक्षण को **परिशिष्ट 'ड."** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनांक 31.3.2015 तक दुकानों के देय किराये की ₹1513468 वसूली हेतु शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष | कुल मांग | कुल राशि | प्राप्ति | अन्तिम शेष | वर्ष में मांग की तुलना में प्राप्त राशि की |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012–13 | 1244012 | 399768 | 1643780 | 200700 | 1443080 | 50.20% |
| 2013–14 | 143080 | 399768 | 1842848 | 214800 | 1628048 | 53.73% |
| 2014–15 | 1628048 | 399768 | 2027816 | 514348 | 1513468 | 128.66% |
| | **कुल जोड़** | **₹1199304** | | **₹929848** | | **77.53%Avg** |

उक्त प्रस्तुत विवरण से स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है कि शेष किराये की वसूली की गति बहुत ही धीमी थी, क्योंकि अंकेक्षण अवधि के दौरान किराया की कुल वसूली, वार्षिक मांग के 80% औसत से भी कम रही, जिस कारण वसूली हेतु शेष राशि घटने की अपेक्षा वर्ष दर वर्ष बढ़ती ही जा रही है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि परिशिष्ट संख्याः 'च" पर वर्णित प्रकरणों में ही वसूली हेतु शेष ₹1106950 थी अर्थात कुल वसूली हेतु शेष राशि का 73% थी। अतः उक्त वर्णित शेष राशि की वसूली हेतु तुरन्त विशेष पग उठाया जाने सुनिश्चित किए जाएं तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### (ख) दुकानों के किराये की बकाया ₹0.26 लाख कम अग्रेषित करना

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाए सम्बन्धित अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि निम्नलिखित किराएदारों का पिछला बकाया किराया आगामी वित्त वर्ष में कम अग्रेषित किया गया था, जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है, जिसके कारण किराये की कम वसूली से आय की हानि की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः इस अनियमितता का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा कम अग्रेषित दुकानों के किराये की देय राशि को सम्बन्धित किराएदारों के खातों में सही करके उनसे उचित राशि की वसूली सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0 सं0 | किरायदार का नाम | 1.4.12 को आरम्भिक बकाया राशि | वित्तीय वर्ष 2012–13 की मांग राशि | कुल देय राशि | वित्तीय वर्ष 2012–13 में प्राप्त कुल राशि | दिनांक 31.3.13 को बकाया राशि का अन्त शेष | आगामी वित्त वर्ष 2012–13 को अग्रेषित बकाया राशि का शेष | बकाया राशि के अग्रेषित शेष में अन्तर | किराया रजिस्टर पृ0 सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh. Roop Lal | 17000 | 500X12M =6000 | 23000 | 2500 | 20500 | 19000 | 1500 | 109 |
| 2 | Sh. Bhupinder Tanta | 78314 | 2614X12M =31368 | 109682 | 7000 | 102682 | 78472 | 24210 | 107 |
| | | | | | | | कुल जोड़ | ₹25710 | |

## 12 देय बिजली उपकर की वसूली हेतु शेष राशि व प्राप्त बिजली उपकर की राशि से सम्बन्धित आवश्यक विवरण प्रस्तुत न करना

हि0 प्र0 सरकार की अधिसूचना संख्याः LSG(B)(1)–9/94, दिनांक 8.11.1999 एवं हि0 प्र0 म्यूनिसिपल अधिनियम की धारा 69 के अनुसार नगर पंचायत की सीमा के भीतर किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग की गई बिजली पर एक पैसा प्रति यूनिट की दर से बिजली विभाग द्वारा बिजली उपकर वसूल करके सम्बन्धित नगर पंचायत को भुगतान किया जाना प्रावधित है। इस प्रावधान के अनुसार नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को अवधि 1.4.2013 से 31.3.2015 के दौरान प्राप्त बिजली उपकर की राशि सम्बन्धित कोई भी अभिलेख/आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए गए तथा रोकड़ वही के अवलोकन पर भी पाया गया कि नगर पंचायत को अंकेक्षण अवधि 1.4.2012 से 31.3.2015 के दौरान बिजली उपकर के रूप में कोई भी राशि बिजली बोर्ड से प्रापत नहीं हुई थी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119, दिनांक 13.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए सम्बन्धित विभाग से सम्पूर्ण अवधि की बिजली उपकर की देय राशि की वसूली सम्बन्धित अभिलेख/आंकड़े सहित प्राप्त करने हेतु तुरन्त आवश्यक पग उठाए जाने सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 13 देय मदिरा शुल्क की वसूली हेतु शेष राशि व प्राप्त मदिरा शुल्क से सम्बन्धित आवश्यक विवरण प्रस्तुत न करना

हि0 प्र0 सरकार शहरी विकास विभाग के पत्र संख्याः ULB-HC(9)–28/96, दिनांक 1.11.1999 के अनुसार नगर पंचायत की सीमा के भीतर बेची गई शराब की बोतलों पर एक रूपया प्रति बोतल की दर से आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा मदिरा उपकर वसूल करके सम्बन्धित नगर पंचायत को भुगतान किया जाना प्रावधित है। रोकड़ वही के अवलोकन पर पाया गया कि नगर पंचायत को अंकेक्षण अवधि 1.4.2012 से 31.3.2015 के दौरान कुल ₹130680 दिनांक

5.11.2012 को तथा ₹104882 दिनांक 28.6.14 को अर्थात ₹235562 आबकारी एवं कराधान विभाग से प्राप्त हुई थी, जैसा कि रोकड़ वही में दिनांक 31.3.2014 व 28.6.2014 को की गई प्रविष्टि से स्पष्ट होता है किन्तु इससे सम्बन्धित विवरण कि प्राप्त राशि किस अवधि की थी तथा नगर पंचायत परिक्षेत्र में वर्षवार विक्रय की गई मदिरा की बोतलों की संख्या कितनी थी इत्यादि अभिलेख/सूचना अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में प्राप्त उपरोक्त आय की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 119, दिनांक 13.4.2016 द्वारा सचिव नगर पंचायत से स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था, किन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित विभाग से शेष देय राशि, यदि कोई हो तो, की वसूली एवं सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख/आंकड़े एकत्रित करके आगामी अंकेक्षण पर आवश्यक पड़ताल हेतु उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 14 बिजली उपकर व शराब उपकर की प्राप्ति बारे उचित अभिलेख का संरक्षण न करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा बिजली व शराब उपकर की मांग व प्राप्तियों से सम्बन्धित अभिलेख का संरक्षण भी नहीं किया गया था, जिसके अभाव में इन प्राप्तियों पर निगरानी नहीं रखी जा सकती, जैसे कि निर्धारित दर से कुल कितनी राशि देय थी, कितनी प्राप्त की गई व कितनी बकाया थी। अतः अपेक्षित अभिलेख के संरक्षण न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए एवं भविष्य में उचित अभिलेख का संरक्षण करना सुनिश्चित किया जाए एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 15 मोबाइल टॉवर शुल्क की ₹0.55 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

अंकेक्षण को **परिशिष्ट 'ङ."** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनांक 31.3.2015 तक मोबाइल टॉवर शुल्क की ₹55000 वसूली हेतु शेष थी तथा अभी तक स्थापना शुल्क सहित कोई भी राशि वसूल नहीं की गई थी। इस सम्बन्ध में पूर्व अंकेक्षण अवधि 4/2007 से 3/2012 के पैरा 8(ग) व (घ) द्वारा भी परामर्श दिया गया था, किन्तु उसके बावजूद भी सरकार के निर्देशानुसार कार्रवाई अमल में न लाना गम्भीर अनियमितता है। अतः इस राशि की वसूली हेतु तुरन्त विशेष पग उठाए जाने सुनिश्चित किए जाएं तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष | कुल मांग | कुल राशि | प्राप्ति | अन्तिम शेष | वर्ष में मांग की तुलना में प्राप्त राशि की |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012–13 | 36250 | 6250 | 42500 | Nil | 42500 | 0% |
| 2013–14 | 42500 | 6250 | 48750 | Nil | 48750 | 0% |
| 2014–15 | 48750 | 6250 | 55000 | Nil | 55000 | 0% |
| | **कुल जोड़** | **₹18750** | | **Nil** | | **0%Avg** |

## 16 आय की राशि को नगर पंचायत के बैंक बचत खाते में विलम्ब से जमा करवाने से सम्बन्धी अनियमितता

चयनित माह की आय एवं बैंक समाधान विवरणी से सम्बन्धित अभिलेख के अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत को विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय की राशि प्राप्ति तिथि के पश्चात विलम्ब से पंचायत के बैंक बचत खाते में जमा करवाई गई थी, जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है, क्योंकि हि0 प्र0 म्यूनिसिपल लेखा संहिता के नियम 38 के अनुसार राशि उसी दिन या अगले कार्य दिवस को बैंक में जमा करवाई जानी अपेक्षित है। अतः इस अनियमितता का पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए या तो इसे सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा इस सन्दर्भ में विलम्ब अवधि के दण्ड ब्याज की उचित स्त्रोत से वसूल की जाए तथा भविष्य में प्राप्त आय की राशि को पंचायत निधि के बैंक बचत खाते में समयानुसार जमा करवाया जाना सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0 सं0 | आय प्राप्ति का विवरण | | | बैंक बचत खाते में जमा करने की तिथि | | विलम्ब की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रसीद सं0 | तिथि | राशि | दिनांक/राशि | बैंक खाता सं0 | |
| 1 | 11390 से 11400 तक | 4.3.12 से 18.5.12 तक | 6350 | 11.6.12/16200 | SBI Saving A/c. No. 11511193705 | 25d से 3m9d तक |
| 2 | 11401 से 11412 तक | 21.5.12 से 7.6.12 तक | 9850 | | | 4d से 21d तक |
| 3 | 11549 से 11559 तक | 3.4.13 से 9.4.13 तक | 3540 | 9.4.13/3540 | | 0d से 6d तक |
| 4 | 11560 से 11587 तक | 11.4.13 से 24.4.13 | 45890 | 24.4.13/45890 | | 0d से 13d तक |
| 5 | 12432 से 12434 तक | 21.11.14 | 2000 | 23.3.15/277204 | | 4m3d |
| | 12435 व 12437 से 12439 तक | 21.11.14 | 2664 | | | 4m2d |
| | 12440 | 8.12.14 | 100 | | | 3m17d |
| | 12441 से 12442 तक | 9.12.14 | 120 | | | 3m16d |
| | 12443 से 12445 तक | 24.12.14 | 8200 | | | 3m1d |
| | 12446 | 1.1.15 | 100 | | | 2m23d |
| | 12448 से 12452 तक | 6.1.15 | 1850 | | | 2m18d |
| | 12453 से | 2.2.15 | 7770 | | | 1m19d |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12458 तक | | | |
| 12459 से 12460 तक | 5.3.15 | 7600–6000 Cheque= 1600 | 18d |
| 12461 से 12465 तक | 19.3.15 | 252800 | 4d |
| | **Total** | **₹277204** | |

## 17 स्थापना पर निर्धारित प्रावधानों से ₹22.85 लाख का अधिक व्यय करना

